हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 24 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 25.1 डिग्री
न्यूनतम 5.5 डिग्री

11 वर्तमान युग में शिक्षा के साथ कौशल और व्यवहारिक ..



12 43 गांवों को जगमग गांव घोषित करने की तैयारी ...




## खबर संक्षेप

### अंतर-महाविद्यालय महिला बास्केटबॉल टूर्नामेंट 29 से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खेल परिसर में अंतर-महाविद्यालय महिला बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 29 और 30 दिसंबर को किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए टीमों की रिपोर्टिंग 29 दिसंबर को सुबह 9 बजे होगी, जबकि चयन ट्रायल 30 दिसंबर को आयोजित किए जाएंगे। खेल निदेशक डॉ शकुंतला बेनीवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस टूर्नामेंट और चयन ट्रायल का आयोजन एमकेजेके कॉलेज, रोहतक में किया जाएगा।

### लाइन में फाल्ट से 8 गांव में बिजली बाधित

**सांपला।** धुंध में घोषित के साथ अघोषित कट बढ़ गए हैं। जिससे आमजन को परेशानी हो रही है। सोमवार की रात को हसनगढ़ 33 केवी से जुड़े गांव में रात से मंगलवार दोपहर तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। ऐसे में आठ गांव की आपूर्ति बाधित रही। बिजली न आने पर दैनिक कार्यों के लिए परेशानी उठानी पड़ी। साथ ही उन्हें पेयजल जैसी समस्या का भी सामना करना पड़ा।

### बिजली कर्मचारियों की सरकार को चेतावनी

**सांपला।** बिजली निगम कर्मचारियों ने मंगलवार को भी सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया। कार्यालय के बाहर यूनियन के लोगों ने सरकार के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए और चेतावनी दी कि अगर सरकार ने आनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी नियम वापिस नहीं लिया तो प्रदर्शन तेज किया जाएगा। इस मौके पर विजय खासा, सुशील कत्याल, जयबीर, सचिन, नवजीवन ,अजय आदि उपस्थित थे।

### 29 को लाहली गांव में रात्रि ठहराव कार्यक्रम

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा कलानौर खंड के गांव लाहली में 29 दिसम्बर को रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त सचिन गुप्ता ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। नरेंद्र कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा लाहली गांव स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 29 दिसम्बर को सायं-4 बजे रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### छात्रवृत्ति के लिए 28 फरवरी तक करें आवेदन

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना व अन्य पिछड़ा वर्ग और विमुक्त जनजाति के छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना (पीएम यशस्वी घटक-2) के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आगामी 28 फरवरी 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
उन्होंने बताया कि छात्र को पीएमएस-एससी के लिए अनुसूचित जाति श्रेणी और पीएम-यशस्वी घटक-2 के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग या विमुक्त जनजाति से संबंधित श्रेणी से होना चाहिए।

### अवैध शराब सहित युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 92 पव्वे व 24 अध्धे शराब बरामद की है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना पुरानी सब्जी मंडी के प्रभारी उप-निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही राजेन्द्र के नेतृत्व में पुलिस टीम फतेहपुरी कॉलोनी के पास गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक को संदिग्ध अवस्था में काबू किया गया।

## सार्वजनिक स्थान पर नशा करते दो युवक धर दबोचे



**रोहतक।** थाना सिविल लाइन की पुलिस टीम ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थान पर नशा करते हुए दो युवकों को काबू किया है। यह कार्रवाई क्षेत्र में अपराध और नशाखोरी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई। सिविल लाइन थाना प्रभारी अंकिता ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान इलाके में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस ने दो युवकों को सार्वजनिक स्थान पर नशीले टैबलेट और इंजेक्शन का सेवन करते हुए पकड़ा। पूछताछ में सामने आया कि दोनों युवक नशा करने के आदी हैं और लंबे समय से इस लत का शिकार हैं। पुलिस ने दोनों युवकों की पहचान कर उनकी निजी जानकारी दर्ज की और तुरंत उनके परिजनों को सूचित किया। पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य केवल कानूनी कार्रवाई करना नहीं, बल्कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालना भी है।

**सांपला में 20 जून 2020 में हुई थी महिला की हत्या, मृतका की मां विद्या देवी ने शिकायत दर्ज करवाई थी**

# महिला हत्याकांड में 5 साल बाद दो आरोपी बरी, सबूतों के अभाव में कोर्ट का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सांपला क्षेत्र में वर्ष 2020 में हुई महिला की हत्या के मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। इस मामले में गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों को अदालत ने आरोप मुक्त करते हुए बरी कर दिया। आरोपियों की ओर से एडवोकेट हर्ष भार्गव ने अदालत में मजबूत पैरवी की, जिसके बाद कोर्ट ने सबूतों और गवाहियों के आधार पर दोनों को दोषमुक्त करार दिया। मामला सांपला थाना क्षेत्र का है। 20 जून 2020 को पुलिस को सूचना मिली थी कि एक खाली प्लॉट में एक महिला का सड़ा-गला शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतका की पहचान गांव कानोंदा, जिला झज्जर निवासी सुमन के रूप में हुई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच आगे बढ़ाई।



रोहतक। एडवोकेट हर्ष भार्गव ने रखा पक्ष।

### शव को खाली प्लॉट में फेंक दिया

मामले में मृतका की मां विद्या देवी ने शिकायत दर्ज करवाई थी। उन्होंने बताया कि करीब 16 साल पहले उनकी बेटी सुमन की शादी गांव कानोंदा निवासी प्रवीण के साथ हुई थी, जिससे उसके दो बच्चे भी हैं। शिकायत के अनुसार, करीब 5-6 साल पहले सुमन अपने पति को छोड़कर गांव कानोंदा के ही रहने वाले कुलदीप के साथ सांपला में लाइन पार क्षेत्र में रहने लगी थी। विद्या देवी ने आरोप लगाया था कि सुमन और कुलदीप के बीच अक्सर झगड़े होते रहते थे।

कई बार वह खुद मौके पर जाकर दोनों के बीच समझौता भी करवाती थी। उन्होंने आशंका जताई थी कि 20 जून 2020 को सुमन की हत्या कुलदीप ने ही की और शव को खाली प्लॉट में फेंक दिया। इसी शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर कुलदीप और मनोज को गिरफ्तार किया था।

### कुल 17 गवाहों के बयान दर्ज किए गए

यह मामला वर्ष 2020 से लेकर 2025 तक अदालत में विचाराधीन रहा। पुलिस ने अपनी जांच पूरी कर चालान पेश किया। इस दौरान अदालत में कुल 17 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। बचाव पक्ष की ओर से एडवोकेट हर्ष भार्गव ने आरोपियों का पक्ष मजबूती से रखा और पुलिस की जांच व सबूतों पर सवाल उठाए। अंततः अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप दुग्गल की अदालत ने सभी सबूतों, गवाहों और रिकॉर्ड का गहन अध्ययन करने के बाद यह माना कि आरोप सिद्ध करने के लिए पर्याप्त ठोस साक्ष्य नहीं हैं। इसी आधार पर कोर्ट ने दोनों आरोपियों को बरी कर दिया। एडवोकेट हर्ष भार्गव ने बताया कि अदालत ने निष्पक्ष रूप से साक्ष्यों का मूल्यांकन करते हुए यह फैसला सुनाया है और आरोपियों को न्याय मिला है।

**बढ़ती ठंड और कोहरे का कहर**

*एक से 15 तक स्कूलों में अवकाश नववर्ष घर पर उमंग के साथ मनाएं*

# नौनिहालों को छुट्टियां का तोहफा

## सर्दी में अभिभावकों संग घर पर ही कला और शिल्प के साथ निखारे प्रतिभा, स्क्रीन से बनाएं दूरी

*भीषण ठंड को देखते हुए बच्चों की छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं, इससे बच्चों के चहरों पर मुस्कान छा गई है। यह समय उनके लिए प्रतिभा निखारने का सुनहरा मौका है। इसका सदुपयोग करें और अपनी छुट्टियों को अधिक रोमांचक बनाएं।*

**» लापरवाही बरतने पर संबंधित स्कूलों के खिलाफ की जा सकती है कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बढ़ती ठंड और कोहरे के असर को देखते हुए विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने शहर के सभी सरकारी व निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों में शीतकालीन अवकाश की घोषणा कर दी है। निदेशालय की ओर से 23 दिसंबर को जारी आदेश के अनुसार हरियाणा के सभी स्कूलों में 1 जनवरी 2026 से 15 जनवरी 2026 तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। इसके बाद 16 जनवरी 2026, शुक्रवार से विद्यालय नियमित रूप से दोबारा खुल जाएंगे। मुख्यालय द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यह अवकाश प्रदेश के सभी जिलों में समान रूप से लागू रहेगा। जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी और सभी स्कूल मुखियाओं को निर्देश दिए गए हैं कि आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।



### प्रैक्टिकल परीक्षाओं के लिए विद्यालय बुलाया जा सकता है

हालांकि आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि सीबीएसई, आईसीएसई और अन्य बोर्डों के नियमों के अनुसार कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रैक्टिकल परीक्षाओं के लिए विद्यालय बुलाया जा सकता है। ऐसे मामलों में संबंधित स्कूलों को बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा और विद्यार्थियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना होगा। यदि किसी कारणवश छात्रों को विद्यालय बुलाया जाता है तो उन्हें परिवहन और परिसर में सभी आवश्यक सावधानियां सुनिश्चित करनी होंगी। वहीं अभिभावकों से भी अपील की गई है कि वे बच्चों को ठंड से बचाने के लिए गर्म कपड़ों का उपयोग कराएं और अनावश्यक बाहर न भेजें।

### दृश्यता लगातार घट रही

लगातार मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। मंगलवार को रोहतक सहित आसपास के क्षेत्रों में सुबह छह बजे अचानक घना कोहरा छा गया, जिससे दृश्यता घटकर मात्र 50 मीटर रह गई। कोहरे के कारण सड़क और रेल यातायात भी प्रभावित हुआ। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस रहा। तापमान में आई गिरावट के कारण सुबह और देर शाम ठिठुरन बढ़ गई है, जिसका सीधा असर बच्चों की सेहत पर पड़ सकता है। अवकाश का निर्णय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए लिया है।

### ये कर सकते हैं बच्चे

- **आंतरिक खेल** : घर के अंदर खेल जैसे कि लूडो, चेस, या बोर्ड गेम्स खेलें।
- **कला और शिल्प** : बच्चों को कला और शिल्प में शामिल करें, जैसे कि चित्रकारी, रंग भरना, या डीआईवाई प्रोजेक्ट्स।
- **खाना पकाना**: बच्चों को खाना पकाने में शामिल करें, जैसे कि कुकीज़ या केक बनाना व अन्य गतिविधियों में भाग लें।
- **पिकनिक** : एक पिकनिक पर जाएं या घर के बाहर एक मजेदार दिन बिताएं।
- **पढ़ाई** : बच्चों को पढ़ाई में भी शामिल करें, नए विषयों को सीखना या किताबें पढ़ना।
- **संगीत और नृत्य**: बच्चों को संगीत और नृत्य में शामिल करें, गाना व नृत्य सीखें।

### पढ़ाई और सीखना

छुट्टियों या खाली समय में बच्चे कहानी, कॉमिक्स या अपनी पसंदीदा किताबें पढ़कर ज्ञान के साथ मनोरंजन भी प्राप्त कर सकते हैं। नई भाषा के शब्द सीखना दिमाग को सक्रिय रखता है और आत्मविश्वास बढ़ाता है। गणित या विज्ञान के सरल और सुरक्षित प्रयोग विषयों को समझने में रुचि पैदा करते हैं। ऑनलाइन शैक्षिक वीडियो या कोर्स देखकर नई-नई जानकारियां हासिल की जा सकती हैं। समय-सारणी बनाकर उसका पालन करना जीवन में अनुशासन सिखाता है। पौधों की देखभाल करने से प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी का भाव बढ़ता है। बेसिक कंप्यूटर या कोडिंग सीखना भविष्य के लिए उपयोगी कौशल प्रदान करता है।

**» यातायात नियमों की अवहेलना पर कार्रवाई**

## शराब पीकर वाहन चलाने के 56 व गलत लेन में चलने के 98 चालान



वाहन चालकों की जांच करते पुलिस कर्मी।

**रोहतक।** जिले में यातायात नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस द्वारा 15 से 21 दिसंबर तक यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने, गलत दिशा अथवा गलत लेन में वाहन चलाने, अवैध रूप से वाहनों पर लाल/नीली बत्ती लगाने तथा साइलेंसर को मॉडिफाई कर पटाखा जैसी ध्वनि उत्पन्न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। 15 से 21 दिसंबर तक चले इस अभियान में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 56 वाहन चालकों, गलत दिशा या गलत लेन में वाहन चलाने वाले 98 वाहन चालकों, बुलेट बाइक के साइलेंसर को मॉडिफाई कर पटाखा ध्वनि उत्पन्न करने वाले 05 वाहन चालकों तथा अवैध रूप से लाल/नीली बत्ती लगाकर वाहन चलाने वाले 02 वाहन चालकों के चालान किए गए।

### एमडीयू की बीटेक, एमटेक और एमएड के कुछ विषयों की परीक्षा तिथि में बदलाव

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों और एमएड से संबंधित कुछ विषयों की परीक्षाओं के आयोजन की तिथियों में संशोधन किया है। हालांकि, परीक्षा का समय और परीक्षा केंद्र पहले वाले ही रहेंगे, उनमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि बीटेक प्रथम सेमेस्टर (जी स्कीम) की बेसिक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (सभी शाखाओं के लिए सामान्य) परीक्षा, जो पहले 24 दिसंबर 2025 को प्रस्तावित थी, अब 2 जनवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। इसी तरह एमटेक तृतीय सेमेस्टर (सीबीसीएस स्कीम) की रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन विषय की परीक्षा की तिथि 24 दिसंबर 2025 से बदलकर 1 जनवरी 2026 कर दी गई है। इसके अलावा एमएड और एमएड विशेष शिक्षा तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाओं में भी बदलाव किया गया है। टीचर एजुकेशन में शोध दृष्टिकोण और मुद्दे तथा गाइडेंस एंड काउंसलिंग (बौद्धिक दिव्यांगता) विषयों की परीक्षाएं, जो पहले 3 जनवरी 2026 को निर्धारित थीं, अब 9 जनवरी 2026 को आयोजित होंगी।



**रोहतक।** डीन, एकेडमिक अफेयर्स एवं सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. एससी मलिक को बधाई देते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत एवं कुलपति के सलाहकार प्रो. एके राजन। फोटो : हरिभूमि

**» उपायुक्त की अध्यक्षता में वन विभाग ने की समीक्षा बैठक**

## पर्यावरण संतुलन के लिए बढ़ाया जाए हरित क्षेत्र

- चिन्हित स्थानों पर अधिक से अधिक पौधरोपण के निर्देश
- रोहतक लिंक ड्रेन के साथ विकसित की जाए घनी हरित पट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक




उपायुक्त सचिन गुप्ता ने पर्यावरण संतुलन के मद्देनजर जिला में हरित क्षेत्र को बढ़ाने के निर्देश दिए हैं और कहा कि चिन्हित स्थानों पर अधिक से अधिक पौधारोपण सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त मंगलवार को अपने कैंप कार्यालय में वन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। सचिन गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में होने की वजह से पर्यावरण के दृष्टिकोण से रोहतक का महत्व और भी बढ़ जाता है। उन्होंने सभी पार्कों, सड़कों व रेल लाइन के साथ पौधारोपण करने के निर्देश दिए। रोहतक लिंक ड्रेन पर विशेष फोकस करते हुए उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि ड्रेन के किनारों पर योजनाबद्ध तरीके से पौधारोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि ड्रेन की वजह से इस क्षेत्र में दुर्गंध का वातावरण बना रहता है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि दुर्गंध एवं पर्यावरणीय समस्याओं को ध्यान में रखते हुए वन विभाग और नगर निगम के अधिकारी संयुक्त निरीक्षण करके ड्रेन के साथ घनी हरित पट्टी विकसित करें।

## एमडीयू वीसी ने प्रो. एससी मलिक को आईएसपीएस फेलो अवार्ड 2025 मिलने पर दी बधाई

**प्रभावी शोध कार्यों के लिए मिला सम्मान**

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विश्वविद्यालय के डीन, एकेडमिक अफेयर्स एवं सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. एससी मलिक को इंडियन सोसाइटी फॉर प्रोबेबिलिटी एंड स्टैटिस्टिक्स द्वारा प्रदान किए गए आईएसपीएस फेलो अवार्ड 2025 के लिए हार्दिक बधाई दी। प्रो. एससी मलिक को यह सम्मान सांख्यिकी एवं प्रायिकता के क्षेत्र में उनके निरंतर, उच्च स्तरीय एवं प्रभावी शोध कार्यों के साथ-साथ इंडियन सोसाइटी फॉर प्रोबेबिलिटी एंड स्टैटिस्टिक्स को दी गई उनकी दीर्घकालिक एवं उल्लेखनीय सेवाओं के लिए प्रदान किया गया है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत एवं कुलपति के सलाहकार प्रो. ए. के. राजन ने भी प्रो. मलिक को उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बधाई दी। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि प्रो. एस. सी. मलिक द्वारा प्राप्त यह सम्मान महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता और शोध संस्कृति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रो. मलिक ने अपने शोध कार्यों के माध्यम से न केवल सांख्यिकी एवं प्रायिकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, बल्कि विश्वविद्यालय में शोध, नवाचार और अकादमिक अनुशासन को भी नई दिशा प्रदान की है। कुलपति प्रो राजबीर सिंह ने कहा कि प्रो. मलिक का समर्पण, अनुशासन और निरंतर शैक्षणिक सक्रियता युवा शिक्षकों और शोधार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके इस सम्मान से विश्वविद्यालय की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक मंचों पर और अधिक सशक्त हुई है।

**मौसम** **कोहरे के कारण दृश्यता 50 मीटर रह गई, चालक लाइट जलाकर वाहन चलाने को मजबूर**

# घने कोहरे की वजह से यातायात प्रभावित, ट्रेनें कई कई घंटे लेट, रोडवेज बसें भी समय पर नहीं आईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मंगलवार सुबह शहर में मौसम ने अचानक करवट ली और इसका सीधा असर यातायात व्यवस्था पर देखने को मिला। सुबह करीब पांच बजे अचानक घना कोहरा छा गया, जबकि इससे पहले रात और तड़के तक मौसम साफ रहा। कोहरे के कारण दृश्यता घटकर मात्र 50 मीटर रह गई, जिससे सड़क और रेल दोनों यातायात प्रभावित हुए। शहर की रफ्तार मानो थम सी गई और लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में अतिरिक्त समय लगाना पड़ा।कोहरे की वजह से सबसे ज्यादा परेशानी सुबह ड्यूटी पर निकलने वाले कर्मचारियों, छात्रों और यात्रियों को झेलनी पड़ी। सड़कों पर वाहन बेहद धीमी गति से चलते नजर आए। कई जगह वाहन चालकों को हेडलाइट और फॉग लाइट जलाकर चलना पड़ा। प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर हल्का जाम भी लगा रहा, जिससे यातायात व्यवस्था और प्रभावित हुई। रेल यातायात पर भी कोहरे का असर साफ नजर आया। रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंचीं। कुछ ट्रेनों की रफ्तार को सुरक्षा कारणों से कम किया गया, जिससे यात्रियों को प्लेटफार्म पर लंबा इंतजार करना पड़ा। ठंड और कोहरे के बीच यात्रियों को काफी असुविधा झेलनी पड़ी। सिर्फ रेल ही नहीं, बल्कि हरियाणा रोडवेज की बस सेवाएं भी कोहरे से प्रभावित रहीं। रोडवेज की कई बसें अपने तय समय से देरी से बस स्टैंडों पर पहुंचीं। सुबह के समय लंबी दूरी की बसों की आवाजाही धीमी रही, जिससे यात्रियों को इंतजार करना पड़ा और कई लोग अपने गंतव्य तक देर से पहुंचे।



### ट्रैफिक पुलिस ने चालकों से की अपील

ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि कोहरे के दौरान गति सीमित रखें, सुरक्षित दूरी बनाए रखें और सावधानी से वाहन चलाएं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में सुबह के समय कोहरा बना रह सकता है, ऐसे में लोगों को सतर्क रहने और यात्रा की योजना मौसम को ध्यान में रखकर बनाने की जरूरत है।

### यह रहा मंगलवार का तापमान

मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में आई हल्की गिरावट के कारण ठंड का असर बढ़ गया है। सुबह और देर शाम ठिठुरन महसूस की जा रही है। डॉक्टरों ने बुजुर्गों और बच्चों को ठंड से बचाव की सलाह दी है।



# कृष-4 में रजत बेदी करेगा खूंखार विलेन का रोल!

**मुंबई।** ऋतिक रोशन की फिल्म कृष-4 बॉलीवुड की कुछ मोस्ट अवेटेड फिल्मों में शुमार है। फिल्म के पिछले सभी पार्ट ब्लॉकबस्टर हिट रहे हैं और चौथे पार्ट का दर्शक काफी वक्त से इंतजार कर रहे हैं। इस बार कई चीजें अलग होने वाली है, लेकिन जिस सवाल का जवाब दर्शक काफी वक्त से जानना चाह रहे हैं वो यह, कि इस बार कौन विलेन का रोल प्ले करता नजर आएगा? इस बार खबर है कि रजत बेदी फिल्म में विलेन का रोल प्ले करते नजर आ सकते हैं। रजत बेदी ने फिल्म 'कोई मिल गया' में निगेटिव रोल प्ले किया था और उनके काम की काफी तारीफ हुई थी।

लाइफ Style



# कियारा

## किसी भी इंडस्ट्री में तनाव अच्छा नहीं

दीपिका पादुकोण के आठ घंटे काम करने की मांग करने के बाद इस मुद्दे को लेकर इंडस्ट्री में एक बहस चल रही है। हालांकि, इस मामले पर दीपिका को इंडस्ट्री के कई लोगों का समर्थन भी मिला है। अब इस बहस में नई-नवेली मां बनीं कियारा आडवाणी ने भी एंट्री की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मां बनने के बाद पहली बार कियारा ने अब आठ घंटे काम करने के मुद्दे पर अपनी राय दी है। उन्होंने प्रोफेशनल जिंदगी और पर्सनल जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया है। एक बातचीत में कियारा आडवाणी ने मां बनने के बाद काम और व्यक्तिगत जिंदगी में संतुलन के महत्व को लेकर बात की। आठ घंटे की शिफ्ट पर चल रही बहस के बारे में पूछे जाने पर कियारा ने कहा कि किसी भी इंडस्ट्री में अत्यधिक तनाव किसी के लिए भी अच्छा नहीं होता। मेरे काम करने का तरीका प्रमुख रूप से तीन प्वॉइंट्स पर निर्भर रहता है। ये हैं- गरिमा, संतुलन और सम्मान। ये तीनों आधार मेरे घर पर और मेरे प्रोफेशनल स्टाफ पर भी लागू होते हैं। अपने काम को लेकर कियारा ने बताया कि वह नई स्क्रिप्ट की तलाश कर रही हैं और आने वाली एक बायोपिक को लेकर खासा उत्साहित हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि अब उनके किरदार शैली से ज्यादा कहानी की गहराई पर आधारित होते हैं। अब वह स्क्रिप्ट का चयन कहानी को देखकर करती हैं। उसके जॉनर से कोई लेना-देना नहीं है। बेटी के जन्म के बाद काम को कैसे मैनेज करती हैं, इस पर कियारा ने कहा कि सरायाह के जन्म के बाद से मेंटल हेल्थ मेरी सबसे प्रमुख प्राथमिकता बन गई है।

## हॉलीवुड मसाला



# परिवार संग आउटिंग पर निकले

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ियों में शुमार जेंडाया और टॉम होलैंड एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह कोई फिल्म या रेड कार्पेट नहीं, बल्कि एक बेहद सादगी भरा फैमिली मोमेंट है। सगाई के बाद दोनों को पहली बार टॉम होलैंड के पूरे परिवार के साथ एक वीकेंड आउटिंग पर देखा गया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। यह खास आउटिंग लॉस एंजेलिस में आयोजित 'द ट्रेटर्स- लाइव एक्सपीरियंस' के दौरान हुई।



# क्रिस्टोफर की द ओडिसी का ट्रेलर रिलीज...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'द ओपेनहाइमर' के बाद क्रिस्टोफर नोलन एक और धमाकेदार फिल्म लेकर दर्शकों के बीच पहुंचने वाले हैं। फिल्म का नाम है, 'द ओडिसी'। इस फिल्म का जब से ऐलान हुआ है, दर्शकों के बीच खासा उत्साह देखा जा रहा है। ट्रेलर में एक्टर मैट डैमन को इथाका के राजा ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है, जो ट्रोजन युद्ध के बाद अपने सैनिकों को घर ले जा रहे हैं। 'द ओडिसी' के ट्रेलर में समुद्री दृश्य काफी ज्यादा देखने को मिले हैं, जिन्हें बेहद खूबसूरती से फिल्माया गया है। युद्ध के बाद घर लौटते सैनिक हों या फिर युद्ध के दौरान के हालात। नाव पर सवार सैनिकों के जत्थे वाला सीन रोंगटे खड़े कर देता है। वहीं, ट्रेलर के आखिर में सैनिक की पार्टनर द्वारा लिया गया घर वापसी के वादे वाला सीन काफी मार्मिक है।



# एनिमल के दूसरे पार्ट में भी आएंगी नजर

**मुंबई।** रणबीर कपूर की ऑलटाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' तमाम आलोचनाओं के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। मेकर्स ने पहली फिल्म के अंत में ही फिल्म के दूसरे पार्ट 'एनिमल पार्क' की घोषणा कर दी थी। एनिमल में रणबीर कपूर की बड़ी बहन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सलोनी बत्रा हाल ही में अमेजन एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज 'भय' में नजर आई हैं। अब सलोनी बत्रा ने रणबीर कपूर की आगामी फिल्म 'एनिमल पार्क' को लेकर बात की। इस दौरान अभिनेत्री ने कंफर्म किया कि वो एनिमल पार्क का हिस्सा होंगी। अपने रोल को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि मैं 'एनिमल 2' में जरूर रहूंगी। लोगों को एनिमल पसंद आई थी, इसलिए मेकर्स एंटरटेनमेंट और एक्शन के लिए इस तरह की फिल्में बनाना चाहते हैं।



# बेटी आराध्या संग न्यू ईयर मनाने निकले

**मुंबई।** बॉलीवुड के सबसे चर्चित और पसंदीदा कपल्स में शुमार ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन एक बार फिर अपनी पारिवारिक बॉन्डिंग को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दोनों को अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया, जहां यह कपल फैमिली वेकेशन के लिए रवाना होते नजर आया। एयरपोर्ट पर तीनों का अंदाज बेहद स्टाइलिश, लेकिन कम्फर्टेबल रहा। ऐश्वर्या, अभिषेक और आराध्या तीनों ही ब्लैक आउटफिट में नजर आए, जिसने सोशल मीडिया पर फैंस का ध्यान खींच लिया। हमेशा की तरह ऐश्वर्या ने पैपराजी की मौजूदगी को सहजता से हैंडल किया और मुस्कुराते हुए हाथ हिलाकर अभिवादन किया। हालांकि, अभी ये साफ नहीं हो पाया है कि आखिर बच्चन फैमिली छुट्टियां मनाने के लिए कहां गई है।

## टीवी मसाला



# नागिन 7 में प्रियंका के साथ अब साहिल आएगा नजर...

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में अगर किसी शो का सबसे ज्यादा इंतजार होता है, तो वो है एकता कपूर का सुपरनैचुरल ड्रामा 'नागिन'। इस शो के अब तक 6 सीजन आ चुके हैं और हर सीजन ने टीआरपी के मामले में झंडे गाड़े हैं। अब बारी है 'नागिन 7' की, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त बज बना हुआ है। यह शो 27 दिसंबर को कलर्स टीवी पर दस्तक देने जा रहा है। हाल ही में इस शो को लेकर एक बहुत बड़ी अपडेट सामने आई है, जिसे सुनकर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। यह कन्फर्म हो चुका है कि बिग बॉस 16 और उडारियां फेम प्रियंका चाहर चौधरी इस बार नागिन बनकर पर्दे पर आग लगाने वाली हैं। अब नागिन 7 में टीवी के मशहूर एक्टर साहिल उप्पल की भी एंट्री हो गई है। साहिल उप्पल, जिन्हें आपने 'पिंजरा खूबसूरती का' जैसे शोज में देखा है, अब 'नागिन 7' में एक अहम रोल निभाते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि साहिल इस शो में पैरेलल लीड के तौर पर दिखेंगे। हालांकि, साहिल की तरफ से अभी इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन गलियारों में इसकी चर्चा जोरों पर है। सिर्फ प्रियंका और साहिल ही नहीं, इस बार मेकर्स ने कास्टिंग पर काफी मेहनत की है। शो में 'इश्क का रंग सफेद' फेम ईशा सिंह और 'एक दीवाना था' फेम नमिक पॉल भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा विहान वर्मा, रिब्बू मेहरा, कुशाग्र दुआ, प्रतीक्षा राय, निवेदिता पाल और आफरीन दबेस्तानी जैसे कलाकार भी अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरेंगे।

### मॉडलिंग से की थी कॅरियर की शुरुआत

**नई दिल्ली।** इंडियन टेलीविजन इंडस्ट्री में चार्म, टैलेंट और अपने दमदार काम के लिए मशहूर रवि दुबे ने अपने कॅरियर की शुरुआत मॉडलिंग से



की थी। रवि ने कभी नहीं सोचा था कि वह टीवी और फिल्म इंडस्ट्री को अपना फुलटाइम पेशा बना पाएंगे, क्योंकि उनके पिता का मानना था कि पढ़ाई एक्टिंग से ज्यादा जरूरी है। टीवी शो सास बिना ससुराल और जमाई राजा में दामाद के किरदार ने रवि दुबे को दर्शकों का चहेता बना दिया। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में जन्मे रवि एक साधारण परिवार से आते हैं। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का शौक था। उनके पिता सिविल इंजीनियर हैं और मां हाउसवाइफ हैं। साल 2006 रवि दुबे के लिए खास रहा, क्योंकि इसी साल उन्हें शो स्त्री तेरी कहानी मिला। इसके बाद उन्होंने डोली सजा के और यहां के हम सिकंदर जैसे शोज में काम किया। काम तो लगातार मिलता रहा, लेकिन असली पहचान का सफर थोड़ा लंबा था। साल 2010 में आए टीवी सीरियल सास बिना ससुराल से रवि दुबे को पहचान मिली।



# अगस्त्य पर नजरें टिक जाती हैं

## इक्कीस देखकर भावुक हुए अमिताभ

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने अपनी नाती अगस्त्य नंदा की आने वाली फिल्म 'इक्कीस' देखने के बाद भावनाएं साझा कीं। बिग बी फिल्म देखने के बाद काफी भावुक हो गए और उनकी फीलिंग्स साफ तौर पर छलक पड़ीं। उन्होंने इसे केवल एक नाना की प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि सिनेमा को गंभीरता से देखने वाले दर्शक की राय बताया। उन्होंने लिखा कि अगस्त्य को स्क्रीन पर देखकर उनके मन में बीते वर्षों की कई यादें एक साथ उमड़ पड़ीं- जन्म से लेकर बड़े होने तक का सफर। लेकिन इन भावनाओं से अलग, उन्होंने अगस्त्य के अभिनय की भी खुलकर सराहना की। बिग बी के मुताबिक, अगस्त्य का अभिनय परिपक्व, सधा हुआ और पूरी तरह किरदार में ढला हुआ है। उन्होंने कहा कि अगस्त्य ने अरुण खेत्रपाल के किरदार को बिना किसी बनावट के निभाया है, जो सीधे दिल तक पहुंचता है। बिग बी ने यह भी कहा कि जब अगस्त्य फ्रेम में होते हैं, तो दर्शक अनायास ही सिर्फ उन्हें देखने लगते हैं। उनके अनुसार, यह किसी पारिवारिक रिश्ते की वजह से कही गई बात नहीं है, बल्कि एक अनुभवी दर्शक की ईमानदार प्रतिक्रिया है। फिल्म की कहानी, लेखन और निर्देशन को भी उन्होंने लगभग बेदाग बताया और कहा कि फिल्म खत्म होने के बाद आंखें गर्व और खुशी के आंसुओं से भर जाती हैं। 'इक्कीस' भारतीय सेना के जांबाज अफसर सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के असाधारण जीवन पर आधारित एक बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा है। यह फिल्म उस वीर सैनिक की कहानी कहती है, जिन्हें 1971 के भारत-पाक युद्ध में अद्भुत साहस दिखाने के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। खास बात यह है कि अरुण खेत्रपाल भारत के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता थे। फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक श्रीराम राघवन ने किया है और यह 1 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# धुरंधर की सफलता से बदले रणवीर के तेवर, डॉन 3 से खींचा हाथ...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह छाए हुए हैं। उनकी फिल्म 'धुरंधर' कमाई के मामले में सबसे आगे निकल चुकी है और साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन गई है। हमजा और जसकीरत के रोल में उन्हें खूब पसंद किया जा रहा है। इस फिल्म के बाद फैंस उन्हें 'डॉन 3' में देखने के लिए बेकरार हो रहे थे, जो लंबे समय से रुकी हुई है। पर ऐसा लग रहा है कि ये इंतजार और लंबा हो सकता है या फिर ये इंतजार कभी खत्म ही ना हो! जी हां, ये खबर आ रही है कि रणवीर ने फरहान अख्तर की इस फिल्म से किनारा कर लिया है। ऐसे में मेकर्स को नए हीरो की तलाश करनी होगी। एक सूत्र ने कहा, 'धुरंधर की अपार सफलता के



बाद रणवीर को यह बिल्कुल स्पष्ट है कि वह आगे किस तरह की फिल्में करना चाहते हैं। वह संजय लीला भंसाली, लोकेश कनगराज और एटली जैसे फिल्म निर्माताओं के साथ काम करने के इच्छुक हैं। वो लगातार गैंगस्टर फिल्मों में नजर नहीं आना चाहते। खासकर तब जब 'धुरंधर' पहले ही इस स्टाइल अपनी पहचान बना चुकी है। यही एक कारण है कि उन्होंने जय मेहता से 'प्रलय' की शूटिंग पहले शुरू करने के लिए कहा है। रणवीर इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने और योजना से पहले ही इसकी शूटिंग शुरू करने के लिए एक्साइटेड हैं।'

### प्रलय की शूटिंग को दी प्राथमिकता

*'प्रलय' अपलॉज एंटरटेनमेंट की फिल्म 'जॉम्बी' पर आधारित है। ये एक मानवीय कहानी बयां करती है कि कैसे एक आदमी सबसे मुश्किल हालातों में भी अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। सूत्र ने बताया, 'अब जब सिंह ने 'डॉन 3' के बजाय अन्य प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी है, तो वे जय मेहता की फिल्म की शूटिंग की तारीखों और शेड्यूल को तय करने में पर्सनली शामिल हैं, ताकि फिल्म का काम तेजी से आगे बढ़ सके।'*

### डॉन 3 हुई पोस्टपोन

*डॉन 3 की बात करें तो एक अंदरूनी सूत्र ने पुष्टि की है, धुरंधर की रिलीज के तुरंत बाद रणवीर को डॉन 3 की तैयारी शुरू करनी थी। हालांकि, मौजूदा हालात को देखते हुए, फिल्म को अब पोस्टपोन कर दिया गया है।' इस एक्शन थ्रिलर मूवी में कृति सेनन हैं। ग्रैंड पैमाने पर बनने वाली इस मूवी की शूटिंग यूरोप की कई लोकेशन पर होगी।*

## न्यू ईयर के लुक के लिए ले सकते हैं टिप्स

# इन सितारों का 2025 में फैशन रहा एकदम टॉप क्लास

*__नई दिल्ली।__ जब बात फैशन की आती है, तो लड़की हो या फिर लड़का हर कोई परफेक्ट दिखने के साथ-साथ कॉन्फिडेंट भी लगना चाहता है। खास तौर पर किसी स्पेशल फंक्शन पर। हम सब भी दिसंबर के अंतिम दिनों में पहुंच चुके हैं और नए साल में एंट्री करने जा रहे हैं। अगर आपका वेकेशन या पार्टी प्लान है और आप ये डिसाइड नहीं कर पा रहे हैं कि न्यू ईयर पर सिम्पली कैसे ब्यूटीफुल या हैंडसम दिखा जाए, तो आज हम अपने इस आर्टिकल में आपको उन सितारों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका फैशन गेम 2025 में एकदम हाई रहा है, उनकी एक झलक देखकर फैंस की आंखें उनके खूबसूरत अटायर पर टिक गई।*

**शाहरुख :** शाहरुख खान बॉलीवुड के बादशाह तो पहले से ही थे, लेकिन साल 2025 में वह फैशन गेम के भी किंग बन गए। उन्होंने इस साल मेट गाला में रेड कारपेट पर डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने सभ्यसाची के डिजाइनिंग क्लोथ पहने। ऑल ब्लैक लुक के सह उन्होंने गले में चैन, एक डायमंड ब्रोच और 18 कैरेट सोने की टाइगर कैन थी। उनके इस लुक की काफी चर्चा हुई।

**आलिया :** आलिया भट्ट को अक्सर दीपिका पादुकोण जैसे सिमिलर कपड़े पहनने के लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता था। हालांकि, इस बार उन्होंने सबकी बोलती बंद की, जब वह कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में गुच्ची गाला आउटफिट में रेड कारपेट पर उतरीं। बेज रंग के इस ब्लाउज के साथ उनकी स्कर्ट में आलिया बहुत ही खूबसूरत लगीं। उन्होंने अपने इस लुक के साथ मिनिमल मेकअप रखा।

**नीता अंबानी :** भारत की सबसे अमीर शख्सियत में से एक नीता अंबानी की डिजाइनर साड़ियां फैंस को बहुत लुभाती हैं। लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम बॉल में इंडियन कल्चर एम्बेसडर बनकर पहुंचीं नीता अंबानी ने इस खास मौके पर कांजीवरम साड़ी पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने सिल्वर एम्ब्रायडरी वाला ब्लाउज कैरी किया हुआ था। अगर आप अपने वेस्टर्न लुक से बोर हो गए हैं, तो नीता अंबानी के इस ट्रेडिशनल लुक को जरूर अपना सकते हैं।



**दिलजीत :** दिलजीत दोसांझ इस बार जब मेट गाला में महाराजा इंस्पायर्ड लुक धारण करके आए थे, तो फैंस उन्हें बस एकटक निहारते ही रह गए थे। प्रबल गौरांग के डिजाइन किए गए व्हाइट शेरवानी के साथ दिलजीत ने टर्बन और तलवार ली थी। उनके इस लुक को अभी तक किसी भी भारतीय के इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर बेस्ट लुक बताया गया था। अगर आप नए साल पर थीम पार्टी का प्लान कर रहे हैं, तो ये लुक जरूर अपना सकते हैं।

**अनन्या :** अनन्या पांडे वेस्टर्न ड्रेस पहने या फिर इंडियन फैंस उनके दीवाने हो ही जाते हैं। 2025 में उनका फैशन गेम भी ऑन रहा, खास तौर पर जब फैंस ने उन्हें एक इवेंट पर ऑरेंज रंग की बनारसी साड़ी में देखा, तो बस एक नजर देखते ही रह गए।

**रणवीर :** साल 2025 में रणवीर सिंह ने अपने अतरंगी फैशन को छोड़कर कुछ ऐसा अपनाया जिससे लोग हैरान रह गए। धुरंधर एक्टर ने कपड़ों की भरपूर लेयरिंग, एक्सपेरिमेंटल सिलुएट्स और बेबाक रंगों का इस्तेमाल किया, जिसने मीम कल्चर और पैपराजी की रील्स दोनों में दबदबा कायम रखा।

**कियारा :** साल 2025 में कियारा आडवाणी ने न सिर्फ रेड कारपेट पर अपना पहला अपीरियंस दिया, बल्कि उन्होंने एक कहानी भी गढ़ दी। गर्भवती होने के बावजूद मेट गाला में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराते हुए, कियारा ने फैशन की सबसे चर्चित शाम को एक ऐसे कल्चरल मोमेंट बना दिया। ब्लैक एंड व्हाइट गाउन पर गोल्डन रंग का हार्ट उनके इस लुक को और भी खास बना रहा था। इस लुक ने फैंस को काफी आकर्षित किया था।

## खबर संक्षेप



रोहतक। गुरबाणी कीर्तन व गुरमत कथा विचार से निहाल करते ज्ञानी गुरविंदर सिंह रतक।

### गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार में विशेष समागम

**रोहतक।** गुरु तेग बहादुर साहिब की 350वीं शहीदी शताब्दी के अवसर पर शिवाजी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार में उनके पावन शहीदी को समर्पित विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाई अरुणदीप सिंह, भाई जसबीर सिंह (जींद वाले) और ज्ञानी गुरविंदर सिंह रतक, हेड ग्रंथी गुरुद्वारा मंजी साहिब जींद ने विशेष रूप से संगत को गुरबाणी कीर्तन व गुरमत कथा विचार से निहाल किया।

### साहिबजादों की शहादत को किया नमन

**रोहतक।** साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज के चारों साहिबजादों, माता गुजर कौर जी तथा धर्म की रक्षा में शहीद हुए वीर सिखों की लासानी शहादत को समर्पित 'सफर-ए-शहादत' महान कीर्तन दरबार का आयोजन 22 से 27 दिसंबर तक शहर के विभिन्न गुरुद्वारों में श्रद्धा व उत्साह के साथ किया जा रहा है। यह समागम समूह शहर की गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों, साध संगतों और गुरुद्वारा बंगला साहिब के सेवादार खुराना परिवार के सहयोग से आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन 22 दिसंबर को गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार, शिवाजी कॉलोनी में रात्रि 8 से 10 बजे तक दीवान सजाया गया।

### लीज बसों के चालक रोडवेज को कर रहे बदनाम

**रोहतक।** चंडीगढ़ से रोहतक आ रही हरियाणा रोडवेज विभाग की किलोमीटर स्कीम बस ने सोमवार देर शाम करीब 7 बजे घरौंडा में बड़ा हादसा कर दिया। तेज रफ्तार में आ रही बस ने अग्निशमन केंद्र के सामने एक बाइक को टक्कर मार दी और बाइक सवारों के ऊपर से ही निकल गई। इस दर्दनाक हादसे में बाइक पर सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य सुरेश नेहरा ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद 112 डायल कर पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी गई।

बीएमयू में एक दिवसीय कार्यशाला में 120 विद्यार्थियों ने लिया भाग

# वर्तमान युग में शिक्षा के साथ कौशल और व्यवहारिक ज्ञान बेहद जरूरी

एनपीटीईएल से जुड़े तकनीकी पहलुओं, पंजीकरण प्रक्रिया और क्रेडिट ट्रांसफर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में 'स्वयं एवं एनपीटीईएल के माध्यम से लर्निंग को अनलॉक' विषय बोलते हुए प्रो. संगीता मलिक। फोटो: हरिभूमि

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के कौशल विकास और डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'स्वयं एवं एनपीटीईएल के माध्यम से लर्निंग को अनलॉक करना' विषय पर कुलपति प्रो. बीएम यादव एवं रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार के दिशानिर्देश पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला इंजीनियरिंग संकाय के कौशल विकास कक्ष में संपन्न हुई, जिसमें लगभग 120 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीएम यादव एवं रजिस्ट्रार प्रो. विनोद कुमार के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन डीन ऑफ इंजीनियरिंग प्रो. मुकेश सिंगला के मार्गदर्शन में किया गया।

#### कार्यशाला का कुशल समापन

कार्यक्रम की संयोजक प्रो. संगीता मलिक, सह-संयोजक डॉ. बिजेन्द्र सिंह तथा आयोजन सचिव एवं स्वयं समन्वयक दीपिका शर्मा रहीं, जिनके कुशल समन्वय से कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। इनमें डॉ. सोमवीर आर्य, डॉ. राहुल, डॉ. ज्योति (स्वयं समन्वयक फिजियोथेरेपी), डॉ. बनिता, डॉ. सुदेश, डॉ. नेहा, कीर्ति अरोड़ा, डॉ. अनिल ढुढी, डॉ. राजीव, सचिन तथा पंकज प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यशाला के अंत में विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तर सत्र में सक्रिय भागीदारी की और स्वयं एवं एनपीटीईएल प्लेटफॉर्म्स को लेकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. नवीन कुमार उपस्थित रहे। उनके साथ भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रवीन भट्ट तथा स्वयं एवं एमओओसी सेल की नोडल अधिकारी प्रो. संगीता मलिक भी मंच पर मौजूद रहीं। प्रो. नवीन कुमार ने कहा कि आज के समय में केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि कौशल और व्यावहारिक ज्ञान भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने विस्तार से बताया कि किस प्रकार विद्यार्थी स्वयं और एनपीटीईएल जैसे राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से निःशुल्क पाठ्यक्रमों में नामांकन कर सकते हैं और आईआईटी द्वारा प्रमाणित सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्वयं से अर्जित क्रेडिट विश्वविद्यालय की अकादमिक प्रणाली में सीधे स्थानांतरित हो जाते हैं, जिससे छात्रों को संबंधित विषय की विश्वविद्यालय परीक्षा पुनः देने की आवश्यकता नहीं रहती। प्रो. नवीन कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इन प्लेटफॉर्म्स का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने करियर को मजबूत बनाएं। प्रो. संगीता मलिक ने स्वयं एवं एनपीटीईएल से जुड़े तकनीकी पहलुओं, पंजीकरण प्रक्रिया और क्रेडिट ट्रांसफर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। प्रो. प्रवीन भट्ट ने भी विद्यार्थियों को डिजिटल लर्निंग के प्रति जागरूक रहने और निरंतर सीखने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया।




### आईपीएस स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

**रोहतक।** आईपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल डीएलएफ कॉलोनी का वार्षिकोत्सव समारोह पूरी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ पूरी धाम, सर्कुलर रोड रोहतक में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी कर्णपुरी एवं महंत राम गोपाल गोसाईं जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में बच्चों को माता-पिता और गुरुओं के सम्मान का महत्व बताते हुए कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन से लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित भी किया। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने पंजाबी, हरियाणवी, गुजराती और भारतीय संस्कृति से जुड़ी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। नृत्य, संगीत और लोक-संस्कृति पर आधारित कार्यक्रमों को अभिभावकों ने खूब सराहा। समारोह के अंत में स्कूल की प्राचार्य पूनम भ्याणा ने अभिभावकों, अध्यापकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।



रोहतक। विजेता टीमों को सम्मानित करते एमडीयू विश्वविद्यालय की स्पोर्ट्स डायरेक्टर डॉ. शकुंतला बेनीवाल। फोटो: हरिभूमि

### महारानी किशोरी कॉलेज में हुई बेसबॉल प्रतियोगिता

**रोहतक।** महारानी किशोरी महाविद्यालय में दो दिनों से आयोजित इंटर कॉलेज बेसबॉल प्रतियोगिता का समापन समारोह बुधवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रश्मि लोहचब ने किया। उद्घाटन मुकाबले में एमकेजेके कॉलेज रोहतक ने डी.एम. डिग्री कॉलेज गोहाना को पराजित कर विजयी शुरुआत की। आयोजक डॉ. कुसुम लता ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय, रोहतक ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं टी.आर.जी.सी. कॉलेज को द्वितीय तथा दर्श मॉडल डिग्री कॉलेज, गोहाना को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में उत्साह और खेल भावना देखने को मिली। समापन समारोह में एमडीयू विश्वविद्यालय की स्पोर्ट्स डायरेक्टर डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने क्लब कमेटी सदस्यों के साथ मिलकर ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बेसबॉल टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन किया और विजेता टीमों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## अष्ट लक्ष्मी महायज्ञ के तीसरे दिन विजय अष्ट लक्ष्मी पूजा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



श्री सिद्धेश्वर तीर्थ स्थित श्री ब्रह्मर्षि आश्रम तिरुपति में सिद्धगुरु सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव की दिव्य उपस्थिति में आयोजित आठ दिवसीय अष्ट लक्ष्मी महायज्ञ के तीसरे दिन विजय अष्ट लक्ष्मी पूजा श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुई। इस पावन अवसर पर देश-विदेश से बड़ी संख्या में गुरुभक्तों ने आश्रम पहुंचकर पूजा-अर्चना का पुण्य लाभ प्राप्त किया। आश्रम के आचार्य पंडित श्रीनिवास श्रीमाली के नेतृत्व में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा विधिवत पूजा संपन्न कराई गई। आचार्य ने विजय अष्ट लक्ष्मी पूजा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इससे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, आत्मबल और धर्म के मार्ग पर विजय प्राप्त होती है। महायज्ञ के अंतर्गत ब्रह्म मुहूर्त में विशेष पूजा का आयोजन भी किया गया, जिसका आध्यात्मिक महत्व बताया गया। इस अवसर पर गुरुदेव श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि ने प्रवचनों के माध्यम से भक्तों को संदेश दिया कि भक्ति, त्याग और सद्गुणों से ही आत्मा की मुक्ति संभव है। उन्होंने अच्छे विचार, सत्संग और सकारात्मक कर्मों को जीवन की सच्ची साधना बताया। कार्यक्रम के दौरान आश्रम परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति रस से सराबोर रहा।

## फुटबॉल टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



रोहतक। पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी।

पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में अंतर-महाविद्यालय पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन 23 दिसंबर 2025 से 24 दिसंबर 2025 तक किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट का उद्देश्य छात्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना, शारीरिक दक्षता विकसित करना तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। टूर्नामेंट के पहले दिन कुल तीन मुकाबले खेले गए। आज का पहला मैच यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट (यू.टी.डी.), महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय और राजकीय महाविद्यालय, बादली के बीच खेला गया। इस मैच में यूटीडी, एमडीयू, रोहतक की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 4–0 से निर्णायक जीत हासिल की। टीम के खिलाड़ियों ने अनुशासित खेल, बेहतर तालमेल और आक्रामक रणनीति से दर्शकों को प्रभावित किया। दूसरा मैच मेजबान पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक और जीआईटीएएम, कबलाना के बीच खेला गया। इस मुकाबले में मेजबान टीम ने पूरे मैच पर नियंत्रण बनाए रखा और 3–0 से शानदार जीत दर्ज की। घरेलू मैदान का लाभ उठाते हुए पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक की टीम ने मजबूत रक्षा पंक्ति और प्रभावी आक्रमण का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। दिन का तीसरा और महत्वपूर्ण मुकाबला यूटीडी, एमडीयू रोहतक और जाट कॉलेज के बीच खेला गया। यह मैच काफी रोमांचक रहा, जिसमें यूटीडी, एमडीयू रोहतक की टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए 1–0 से जीत दर्ज की और फाइनल में प्रवेश सुनिश्चित किया।

#### आज होगा फाइनल मुकाबला, टीमें तैयार

टूर्नामेंट के अंतर्गत 24 दिसंबर को फाइनल मुकाबला यूटीडी, एमडीयू रोहतक और पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के बीच खेला जाएगा, जिसका सभी खेल प्रेमी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त तीसरे स्थान के लिए मुकाबला जीआईटीएएम, कबलाना और जाट कॉलेज, रोहतक बीच खेला जाएगा। साथ ही चयन ट्रायल का आयोजन प्रातः 1:00 बजे किया जाएगा, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

## राष्ट्रीय गणित दिवस पर श्रीनिवास रामानुजन को किया श्रद्धा से याद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक




रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि प्रो. हरीश दुरेजा को स्मृति चिन्ह देते गणित विभाग के अध्यक्ष एवं कार्यशाला के संयोजक प्रो. सुमित गिल ,विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. राजीव कुमार व अन्य प्रोफेसर। फोटो: हरिभूमि

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 138वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में "हैंड्स-ऑन प्रैक्टिस ऑफ मैटलैब मॉडल्स फॉर रिसर्च इन मैथमेटिक्स " विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का उद्घाटन प्रो. हरीश दुरेजा, डीन, अनुसंधान एवं विकास ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। अपने संबोधन में उन्होंने शोध परियोजनाओं एवं विभिन्न प्रकार की स्कॉलरशिप्स की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शोधार्थी अपनी योग्यता, परियोजना की प्रासंगिकता तथा वित्तीय आवश्यकता के आधार पर मेरिट-आधारित, आवश्यकता-आधारित एवं प्रोजेक्ट-विशिष्ट अवसरों के लिए आवेदन कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने पीएचडी के दौरान प्रदान किए जाने वाले विभिन्न पुरस्कारों एवं प्रोत्साहनों पर भी प्रकाश डाला। गणित विभाग के अध्यक्ष एवं कार्यशाला के संयोजक प्रो. सुमित गिल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कार्यशाला की विषय वस्तु एवं उसके शैक्षणिक महत्व पर प्रकाश डाला। विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. राजीव कुमार ने श्रीनिवास रामानुजन के अद्वितीय गणितीय योगदान पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि किस प्रकार उनके सिद्धांत आज भी आधुनिक गणित और अनुसंधान के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

## शहरवासी जानेंगे जन्मतिथि का रहस्य, कोर्स उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

■ न्यूमरोलॉजिस्ट डा. हरीश दुरेजा ने अंक शास्त्र की दी जानकारी, जिंदगी में नंबरों के बिना कुछ नहीं

अब रोहतकवासी भी अपनी जन्मतिथि का रहस्य जान सकेंगे। इसके लिए ऑनलाइन कोर्स उपलब्ध हो गया है। जाने-माने न्यूमरोलॉजिस्ट डॉ. हरीश दुरेजा ने अंक शास्त्र यानि न्यूमरोलॉजी से जुड़ी तमाम जानकारी सांझा की है। वे न्यूमरोलॉजिस्ट के साथ-साथ ज्योतिष शास्त्र और वास्तु शास्त्र के भी विशेषज्ञ हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर यह कोर्स किया जा सकता है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए यह कोर्स निःशुल्क उपलब्ध रहेगा।

डा. दुरेजा ने बताया कि कि जिंदगी में नंबरों के बिना कुछ नहीं है। उन्होंने बताया कि न्यूमरोलॉजी एक प्राचीन विद्या है। यह विद्या संख्याओं के प्रतीकात्मक अर्थ और घटनाओं के बीच एक रहस्यमय संबंध में विश्वास करती है। जन्मतिथि और नामों के अक्षरों को संख्यात्मक मान देकर व्यक्ति के व्यक्तित्व, स्वभाव, भविष्य और जीवन पथ के बारे में भविष्यवाणी की जाती है। मूलांक और भाग्यंक के आधार पर ग्रहों से जुड़कर जीवन पर प्रभाव डालते हैं। उन्होंने कहा कि न्यूमरोलॉजी अंकों के माध्यम से जीवन को समझने और मार्गदर्शन पाने का एक प्रतीकात्मक तरीका है। जिसमें 1 से लेकर 9 तक अंकों के आधार पर भविष्य और व्यवहार की गणना की जाती है। उन्होंने बताया कि जन्मतिथि में भाग्यांक और मूलांक 2 बेहद अहम अंक होते हैं।

### एमडीयू में आयोजित पिच पॉइंट हरियाणा 2025 से स्टार्टअप्स को नई उड़ान

**रोहतक।** हरियाणा के उभरते स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाने की दिशा में पिच पॉइंट हरियाणा 2025 कार्यक्रम एक निर्णायक पहल के रूप में सामने आया है। रुहिल फ्यूचर टेक्नोलॉजीज (आरएफटी) द्वारा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम ने युवा उद्यमियों को अपने नवाचार प्रस्तुत करने और निवेश के अवसर प्राप्त करने का प्रभावी मंच प्रदान किया।

सीआईआईई निदेशक प्रो सोनिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में कुल 45 स्टार्टअप्स ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 12 का चयन प्रस्तुति के लिए किया गया। विशेषज्ञों की गहन समीक्षा और मूल्यांकन के बाद आरएफटी ने छह स्टार्टअप्स में निवेश की घोषणा की है। चयनित स्टार्टअप्स में भारत वर्क्स, लाइफ कोच, एआई एथलीट, सिनर्जी सॉल्यूशंस, सेल श्योर और सेफ पाथ शामिल हैं। इसके साथ ही तीन स्टार्टअप्स को आगे की अवधारणा मान्यता के लिए चुना गया है।



### दुहन पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित दुहन पब्लिक स्कूल में महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. सुनीता दुहन एवं प्राचार्या अनु राणा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ महान गणितज्ञ रामानुजन के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों को तीन वर्गों में विभाजित किया गया, जिसमें पहला वर्ग कक्षा तीसरी से पांचवीं, दूसरा कक्षा छठी से आठवीं तथा तीसरा वर्ग कक्षा नौवीं से बारहवीं तक रखा गया। प्रतियोगिता चारों सदनों के बीच आयोजित की गई, जिसमें कक्षा छठी से आठवीं वर्ग में लिली सदन विजेता रहा। इस अवसर पर उपप्राचार्या संतोष मलिक ने महान गणितज्ञ रामानुजन के जीवन परिचय एवं उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान गणित पर आधारित खेल तथा रामानुजन के जीवन पर आधारित डिजिटल बोर्ड के माध्यम से फिल्म भी दिखाई गई, जिससे विद्यार्थी अत्यंत प्रभावित हुए। अंत में डायरेक्टर डॉ. सुनीता दुहन ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

59वीं हरियाणा राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन

## रोहतक के वेस्टले और पृथोकी बने चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक




रोहतक। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि संस्थान के प्रशासक मनीष त्रिवेदी, हरियाणा टेबल टेनिस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विकास सैनी व यमुनानगर टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष सुमित छाबड़ा।

चौधरी देवी लाल शिक्षण संस्थान में आयोजित 59वीं हीरो हरियाणा राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2025 का मंगलवार को भव्य समापन हो गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन पुरुष व महिला एकल के खिताब रोहतक के खिलाड़ियों ने अपने नाम कर जिले का मान बढ़ाया। पुरुष एकल में वेस्टले डो रोसारियो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में गुरुग्राम के सिद्धांत कटारिया को 4-1 से पराजित किया। वहीं महिला एकल में पृथोकी चक्रवर्ती ने कुरुक्षेत्र की स्नेहा भोमिक को 4-1 से हराकर खिताब जीता। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि संस्थान के प्रशासक मनीष त्रिवेदी रहे, जबकि हरियाणा टेबल टेनिस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विकास सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में यमुनानगर टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष सुमित छाबड़ा, उपाध्यक्ष संजीव लांबा सहित दमन शर्मा, गणेश आहूजा, नलीन सोमानी और नीरज सिंह भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17 और अंडर-19 वर्गों में गुरुग्राम, पलवल, फरीदाबाद, पंचकुला और रोहतक के खिलाड़ियों ने पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। युवा वर्ग के मुकाबलों में रोमांचक खेल देखने को मिला, जिससे दर्शक भी उत्साहित नजर आए।

#### 10 लाख रुपये की पुरस्कार राशि की वितरित

महिला एकल में पृथोकी चक्रवर्ती के स्वर्ण पदक के साथ रोहतक को एक और उपलब्धि मिली, जबकि पुरुष एकल में वेस्टले डो रोसारियो का प्रदर्शन प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण रहा। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में अनुशासन और खेल भावना देखने को मिली। पुरस्कार वितरण समारोह में एसोसिएशन द्वारा विभिन्न स्पर्धाओं में करीब 10 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की गई।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- Nursing Staff 4
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- Ward Boy 2
- Gate Keeper 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

श्री गणेशाय नमः

श्री बालाजी ज्योतिष केन्द्र
म.नं. 232, सेक्टर -14, हिसार मो. 85710-24131 87086-55938
प्यार मोहब्बत किया/कराया, जादु-टोना गुप्त दुश्मन, सौतन, नजर दोष, विदेश यात्रा, सास बहु/पति पत्नी में अनबन, पशुधन बर्बाद होना, कारोबार में बरकत ना होना, धन की बर्बादी, पढ़ाई में मन न लगना, विवाह में देरी, नौकरी में प्रमोशन
समस्या कैसी भी हो,
जड़ से होगी खत्म जब कभी भी ना बना हो काम तो होगा गारन्टीड समाधान

पं. तुषार शर्मा
(गोल्ड मेडलिस्ट)
हर रोज मिलें सुबह 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक

## खबर संक्षेप



रोहतक। रक्तदाता को सम्मानित करते बाबा सुखा शाह महाराज।

### शिविर में 25 लोगों ने किया रक्तदान

**रोहतक।** अंबेडकर चौक पर रक्तदान के शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्र देवो भवः मिशन के संस्थापक संत बावा सुखा शाह महाराज ने की। शिविर गुरु गोबिंद सिंह महाराज के साहबजादों की याद में आयोजित किया गया। उनकी याद में राष्ट्र देवो भव मिशिन संस्था द्वारा रक्त दान शिविर आयोजित किया गया। पीजीआई ब्लड बैंक के सौजन्य से 25 रक्तदाताओं ने रक्तदान दिया। सरदार राजेश सिंह ने 12बार रक्त दान किया। संत बावा सूखा शाह महाराज ने सम्मानित किया।

### शैक्षणिक सर्वे टूर माउंट आबू के लिए रवाना

**रोहतक।** पण्डित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के बीए फाइनल ईयर ज्योग्राफी ऑनर्स के विद्यार्थियों का शैक्षणिक सर्वे टूर राजस्थान के माउंट आबू में रवाना हुआ। प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉ सुरेंद्र संगवान ने सर्वे टूर को रवाना किया। यह शैक्षणिक सर्वे टूर माउंट आबू राजस्थान के विभिन्न गांव में पांच दिन तक जनजाति का आर्थिक सर्वेक्षण करेगा।

## घरों से बाहर लगे मीटर बने आधार, लाइन लॉस घटाने पर जोर

# 43 गांवों को जगमग गांव घोषित करने की तैयारी, 24 घंटे बिजली आपूर्ति की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों को 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने की दिशा में प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। जिले के 43 गांवों को 'जगमग गांव' घोषित करने के लिए विशेष योजना तैयार कर ली गई है। इन गांवों में पहले ही घरों से बाहर बिजली मीटर लगाए जा चुके हैं, जिससे बिजली चोरी पर अंकुश लगाने और लाइन लॉस कम करने में मदद मिली है। अब इन गांवों में बिजली आपूर्ति को मौजूदा 16 घंटे से बढ़ाकर 24 घंटे करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। 'मेरा गांव जगमग गांव' योजना के तहत प्रशासन और बिजली निगम ने संयुक्त रूप से यह रणनीति तैयार की है। योजना के अनुसार, जिन गांवों में तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक शर्तें पूरी हो चुकी हैं, वहां चरणबद्ध तरीके से बिजली आपूर्ति बढ़ाई जाएगी। बिजली निगम की ओर से तय किया गया है कि हर सप्ताह कम से कम दो गांवों को जगमग गांव घोषित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई पूरी की जाएगी।



रोहतक। जगमग गांव योजना को लेकर समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

### डीसी सचिन गुप्ता ने की समीक्षा बैठक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जगमग गांव योजना को लेकर अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में बिजली निगम के अधिकारी, प्रशासनिक अफसर और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल रहे। डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन गांवों में मीटर बाहर लग चुके हैं, वहां किसी भी सूरत में लाइन लॉस बढ़ने न दिया जाए।

### 172 गांवों में से 113 को मिल रही 24 घंटे बिजली

डीसी ने कहा कि रोहतक सर्कल में कुल 172 गांव शामिल हैं, जिनमें से 113 गांवों में पहले से ही नियमानुसार 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। शेष गांवों में या तो लाइन लॉस अधिक है या फिर घरों के बाहर मीटर लगाने की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हो पाई है। जिला प्रशासन का मानना है कि मीटर बाहर होने से उपभोक्ताओं में पारदर्शिता बढ़ी है और बिजली चोरी में उल्लेखनीय कमी आई है। इसी आधार पर अब 43 गांवों को प्राथमिकता सूची में रखा गया है। इन गांवों में लाइन लॉस को और कम करने के लिए विशेष निगरानी, तकनीकी सुधार और उपभोक्ताओं के सहयोग से अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद इन गांवों को औपचारिक रूप से जगमग गांव घोषित कर दिया जाएगा।

### दूसरे चरण की भी तैयारी

प्रशासन ने साफ किया है कि यह योजना केवल 43 गांवों तक सीमित नहीं रहेगी। दूसरे चरण में ऐसे गांवों का चयन किया जाएगा, जिन्हें आसानी से नियमानुसार जगमग गांव घोषित किया जा सकता है। वहीं, जिले के शेष 16 लम्बित गांवों में घरों से बाहर मीटर लगाने के लिए अलग से कार्य योजना तैयार करवाई जाएगी। इन गांवों में सर्वे कर यह तय किया जाएगा कि कहां तकनीकी दिक्कतें हैं और किन स्थानों पर उपभोक्ताओं की सहमति की आवश्यकता है। प्रशासन का लक्ष्य है कि आने वाले समय में जिले का कोई भी गांव 24 घंटे बिजली आपूर्ति से वंचित न रहे।

### लक्ष्य, हर गांव में 24 घंटे बिजली

प्रशासन का कहना है कि 43 गांवों में लाइन लॉस कम करके पहले चरण में बिजली आपूर्ति को 16 घंटे से बढ़ाकर 24 घंटे किया जाएगा। इसके साथ ही लम्बित 16 गांवों में योजना को लागू करने के लिए विशेष रणनीति तैयार की जा रही है। अंतिम लक्ष्य जिले के सभी गांवों को जगमग गांव घोषित कर हर घर तक 24 घंटे निर्बाध बिजली पहुंचाना है। जगमग गांव योजना से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को गति मिलेगी, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र को भी सीधा लाभ पहुंचेगा।

### पीएम सूर्य घर योजना के लिए जागरूकता बढ़ाने के निर्देश

बैठक में डीसी सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जगमग गांवों में उन उपभोक्ताओं को विशेष रूप से प्रेरित किया जाए, जिनका वार्षिक बिजली बिल 50 हजार रुपये तक आता है। वहीं, शहरी क्षेत्रों में एक लाख रुपये तक का वार्षिक बिजली बिल भरने वाले उपभोक्ताओं को भी प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली मुफ्त योजना से जोड़ा जाए। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को अपने घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने की सुविधा दी जा रही है।



रोहतक। भाली आनंदपुर स्थित सहकारी चीनी मिल तथा महम सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशकों को निर्देश देते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

**आनंदपुर भाली व महम सहकारी चीनी मिलों की समीक्षा बैठक**

## सहकारी चीनी मिलों को मुनाफे में लाने के लिए तैयार करें: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिला के गांव भाली आनंदपुर स्थित सहकारी चीनी मिल तथा महम सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिए कि वे सहकारी चीनी मिलों को मुनाफे में लाने के लिए कार्य योजना तैयार करें।सचिन गुप्ता स्थानीय कैम्प कार्यालय में जिला में स्थित दोनों सहकारी चीनी मिलों के प्रबंध निदेशकों व उच्चाधिकारियों के साथ चीनी मिलों की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि चीनी मिल प्रशासन चीनी रिकवरी दर को बढ़ाकर 10 प्रतिशत तक करने के प्रयास करें। चीनी मिलों द्वारा आय के अन्य अतिरिक्त साधन भी तलाशे जाए तथा मिल में गन्ना क्षेत्रफल को बढ़ाने के लिए भी किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि दोनों सहकारी चीनी मिलों में 1, 2 व 5 किग्रा की चीनी की पैकिंग तैयार करवाई जाए।

### यह रहे मौजूद

मौके पर रोहतक सहकारी चीनी मिल की प्रबंध निदेशक श्वेता सुहाग, महम सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशक मुकुंद तंवर सहित चीनी मिल्स के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### बाढ़ सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की

**रोहतक।** राजस्व विभाग की वित्त आयुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने आगामी वर्ष की बाढ़ सुरक्षा तैयारियों को लेकर उपायुक्तों के साथ एक वर्चुअल बैठक में समीक्षा की। बैठक के दौरान सरकार द्वारा पहले से स्वीकृत बाढ़ सुरक्षा कार्यों की जिला-वार स्थिति की समीक्षा की गई। उपायुक्त रोहतक सचिन गुप्ता ने जिले में बाढ़ नियंत्रण एवं जलभराव से निपटने के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रगति और क्रियान्वयन की जानकारी दी। उपायुक्त सचिन गुप्ता कहा कि रोहतक जिला के लिए सरकार द्वारा कई बाढ़ सुरक्षा कार्य स्वीकृत किए गए हैं। मौके पर रोहतक सहकारी चीनी मिल की प्रबंध निदेशक श्वेता सुहाग, महम सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशक मुकुंद तंवर, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता अरूण मुंजाल, राजीव राठी, एसडीओ सुजीत एवं अन्य मौजूद रहे।

## वार्षिकोत्सव में आरकेपी स्कूल के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

- डायरेक्टर साहिल दांगी ने कहा विद्यालय में बच्चों के अभिभावकों की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



आरकेपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समारोह में शिक्षा, संस्कृति और अनुशासन का सुंदर संगम देखने को मिला। लेफ्टिनेंट कर्नल हिम्मत सिंह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे, जबकि सोनल दहिया ने बतौर विशिष्ट अतिथि समारोह में शिरकत की। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सजीव श्रृंखला प्रस्तुत की। नृत्य, संगीत, नाट्य एवं सामूहिक गायन से बच्चों ने रचनात्मकता, आत्मविश्वास और मंचीय दक्षता का उत्कृष्ट परिचय दिया। प्रधानाचार्या गीता राठी द्वारा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें शैक्षणिक उपलब्धियों, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं भावी योजनाओं का विस्तृत विवरण दिया गया। डॉक्टर सुषमा ने प्री प्राइमरी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए 'अर्ली थ्री इयर प्लान' पर प्रकाश डाला। विद्यालय के निदेशक साहिल दांगी ने संबोधन में विद्यालय की प्रत्येक उपलब्धि में अभिभावकों की सहभागिता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त जताया। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल हिम्मत सिंह ने विद्यार्थियों को अनुशासन, देशप्रेम व नेतृत्व के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया, जबकि सोनल दहिया ने बच्चों को आत्मविश्वास, लक्ष्य निर्धारण और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।



महम। लेफ्टिनेंट कर्नल हिम्मत सिंह का स्वागत करते आरकेपी स्कूल मदीना के डायरेक्टर साहिल दांगी। फोटो : हरिभूमि

## एचडी स्कूल खेड़ी महम के बच्चों ने देखी गणितज्ञ रामानुजन की डॉक्यूमेंट्री फिल्म

**महम।** एचडी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल खेड़ी महम में राष्ट्रीय गणित दिवस हर्षोल्लास और शैक्षणिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या शालिनी गुप्ता व उपप्राचार्या इंदु नहरा ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। उपप्राचार्या ने बताया कि कक्षा पहली से पांचवी तक के विद्यार्थियों द्वारा गणित से संबंधित पोस्टर प्रदर्शनी, क्विज प्रतियोगिता, गणितीय पहेलियाँ एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने दैनिक जीवन में गणित के महत्व को रोचक उदाहरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस मौके पर रामानुजन के व्यक्तित्व से संबंधित डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गईं। उपप्राचार्या इंदु नहरा ने विद्यार्थियों को बताया कि गणित न केवल अंकों का विषय है, बल्कि यह तर्कशक्ति, समस्या समाधान और वैज्ञानिक सोच को विकसित करता है। प्राचार्या शालिनी गुप्ता ने कहा कि गणित शिक्षा के बिना आधुनिक जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती और विद्यार्थियों को इस विषय से भयमुक्त होकर इसे रुचि के साथ पढ़ना चाहिए । कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए और सभी ने गणित को रोचक व उपयोगी बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर स्कूल सचिव संजीव छिल्लर के साथ समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



महम। गणित प्रतियोगिता में भाग लेते एचडी स्कूल खेड़ी महम के विद्यार्थी।

### एचएम पब्लिक स्कूल में उदयन ई-पत्रिका का विमोचन समारोह संपन्न

- ई-पत्रिका की चुनौतियों, विशेषताओं एवं शैक्षणिक महत्व पर प्रकाश

**रोहतक।** एचएम पब्लिक स्कूल में विद्यालय की ई-पत्रिका 'उदयन' के विमोचन समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता, साहित्यिक अभिरुचि एवं विचारों की सशक्त अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करना रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन एवं अतिथियों का स्वागत विद्यालय की उप-प्राचार्य सोनिया रानी द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने ई-पत्रिका को विद्यार्थियों के विचारों, कल्पनाओं एवं प्रतिभाओं का सशक्त माध्यम बताते हुए उन सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने पत्रिका के इस अंक के लिए अपनी रचनाओं के माध्यम से योगदान दिया। विद्यालय के निदेशक सुधीर ने ई-पत्रिका की चुनौतियों, विशेषताओं एवं शैक्षणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'उदयन' डिजिटल युग में विद्यार्थियों को लेखन, संपादन एवं सृजनात्मक सोच से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने पत्रिका के संपूर्ण संपादक मंडल को बधाई देते हुए विशेष रूप से 'बिंदु' का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने बेंगलुरु में रहते हुए भी अपने व्यस्त समय में से समय निकालकर पत्रिका के मुख्य संपादन की जिम्मेदारी निभाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भूतपूर्व सरपंच जगबीर बल्हारा (बहु जमालपुर) उपस्थित रहे, जिनके कर-कमलों द्वारा ई-पत्रिका 'उदयन' का विधिवत विमोचन किया गया।

### महमः बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में किया प्रदर्शन



महम। भिवानी स्टैंड पर प्रदर्शन करते लोग।

**महम।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर किए जा रहे अत्याचार के विरोध में लोगों ने महम में रोष प्रदर्शन किया। पंचायती रामलीला ग्राउंड महम से शहीद भगत सिंह चौक पर तक रोष जुलूस निकाला गया। काफी संख्या में युवाओं ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। नगर पार्षद विकास श्योराण ने बताया कि शहर के काफी लोगों ने इस प्रदर्शन में बढ़ चढ़कर भाग लिया है। हिंदू एकता को लेकर इस तरह के प्रोग्राम आगे होते रहेंगे और समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर वैचारिक संगोष्ठी आयोजित की जाएंगे। बांग्लादेश में हिंदूओं की निर्मम हत्या किए जाने से हिन्दू धर्म और सनातन धर्म पर एक गहरा आघात पहुंचा है। एक विशेष धर्म के लोगों द्वारा छोटी छोटी बच्चियों की निर्मम हत्या और उन पर हुए अत्याचार आत्मा को झकझोर देने वाले हैं।

## रामानुजन जयंती पर इंटर स्कूल गणित प्रतियोगिता का आयोजन



**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल स्कूल में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर इंटर स्कूल रामानुजन'स लेगेसी मैथमेटिक्स एग्ज़ाम का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित विषय के प्रति रुचि जागृत करना तथा उनकी तार्किक, विश्लेषणात्मक एवं समस्या-समाधान क्षमता को विकसित करना रहा। प्रतियोगिता में रोहतक सहित आसपास के विभिन्न विद्यालयों के 400 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई, जिसमें शिक्षकों और आयोजन समिति ने समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश देकर परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के गणित जगत में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि ऐसी शैक्षणिक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता को निखारने के साथ-साथ उन्हें नवाचार और तार्किक सोच के लिए प्रेरित करती हैं।

## एनएसएस शिविर का समापन




**रोहतक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी साध में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर का समापन हर्षोल्लास व गरिमामयी वातावरण में खंड शिक्षा अधिकारी सुमन हुड्डा द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुमन हुड्डा , प्राचार्या स्नेह रानी,संतोष (पीओ), वीणा, शिलक राम व सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। खंड शिक्षा अधिकारी तथा प्राचार्या ने उद्बोधन में स्वयंसेवकों द्वारा सात दिनों तक किए गए अनुशासित एवं सेवाभाव से परिपूर्ण कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। वक्ताओं ने एनएसएस विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक चेतना एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नृत्य, नाटिका द्वारा अतिथियों का भरपूर मनोरंजन किया।

## आर्य स्कूल मदीना में मनाया राष्ट्रीय गणित दिवस



**महम।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में राष्ट्रीय गणित दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों व शिक्षकों ने महान गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन का जन्म दिवस मनाया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। विद्यालय में गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दिन को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाते हुए विद्यार्थियों में गणितीय सोच, तार्किक क्षमता तथा विषय के प्रति रुचि विकसित करने का प्रयास किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न सदनों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रश्नोत्तरी में गणित से संबंधित रोचक, तार्किक एवं ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछे गए, जिनका उत्तर विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ दिया। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप इंटीग्रिटी हाउस के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हार्मनी हाउस ने द्वितीय तथा विसडम हाउस ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावशाली मंच संचालन गणित प्रवक्ता श्री धर्मवीर द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य अशोक दांगी ने विद्यार्थियों से कहा कि गणित न केवल एक विषय है, बल्कि हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**आक्रोश** ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में सर्कल स्तर पर जोरदार प्रदर्शन

# बिजली कर्मचारियों की सरकार को चेतावनी मांगें नहीं मानीं तो प्रदेशभर में ब्लैकआउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। अपनी मांगों के लिए नारेबाजी करते एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के कर्मचारी।

बिजली कर्मचारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में सर्कल स्तर पर जोरदार प्रदर्शन किया। एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के बैनर तले एकत्रित कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर रोष जताया। कर्मचारियों ने ऐलान किया कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र फैसला नहीं लिया गया तो 30 दिसंबर को पंचकुला में बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इसके बाद भी सरकार नहीं मानी तो प्रदेशभर में ब्लैकआउट किया जा सकता है। एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के सर्कल सचिव संदीप गोयत ने कहा कि सरकार बिजली कर्मचारियों को ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के तहत स्थानांतरित कर रही है, जिससे कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग का काम अत्यंत जोखिम भरा होता है। नए और अनुभवहीन कर्मचारियों के कारण दुर्घटनाओं की संख्या में इजाफा हो रहा है। कई बार परमिट लेने के बावजूद लाइन में अचानक करंट आ जाता है।

### 7 को हिसार में एमडी का घेराव

इसके बाद 7 जनवरी को हिसार में एमडी का घेराव और फिर एसीएस स्तर तक आंदोलन ले जाया जाएगा। संदीप गोयत ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने समाधान नहीं निकाला तो मजबूरन बिजली कर्मचारी पूरे प्रदेश में ब्लैकआउट करने का कदम उठा सकते हैं।

### झुग्गी बस्तियों में एमएससी का जागरूकता अभियान जारी

- पीजीआई रोहतक की ओपीडी में परामर्श लेने की सलाह दी

**रोहतक।** मेडिकल सर्विस सेंटर की ओर से रोहतक की झुग्गी बस्तियों में लगातार तीसरे महीने मासिक धर्म स्वास्थ्य जागरूकता एवं सेनेटरी पैड वितरण अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व से अवगत कराना तथा उन्हें सुरक्षित और स्वस्थ विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान एमएससी के जनरल सेक्रेटरी डॉ. सचिन ने बताया कि झुग्गी बस्तियों में आज भी बड़ी संख्या में महिलाएं माहवारी के दौरान कपड़े का उपयोग करती हैं, जिससे संक्रमण और गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियानों के चलते अब कई महिलाएं सेनेटरी पैड अपनाने लगी हैं, हालांकि कुछ महिलाओं में अभी भी झिझक और विरोध देखने को मिलता है। इसे दूर करने के लिए एमएससी की टीम हर माह नियमित रूप से जागरूकता अभियान चला रही है। अभियान के दौरान महिलाओं ने अनियमित मासिक धर्म और अत्यधिक दर्द जैसी समस्याएं भी साझा कीं। टीम द्वारा उन्हें पीजीआईएमएस, रोहतक की ओपीडी में परामर्श लेने की सलाह दी। टीम ने झुग्गियों में जाकर महिलाओं से व्यक्तिगत बातचीत की।